# कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक,कानपुर नगर

पत्रांक–शि0स0/ /2020–21 दिनांक 10/09/2020

## कार्यालय आदेश

शासनादेश संख्या 547/15–8–2020 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–8 लखनऊ दिनांक 09 सितम्बर 2020 के अनुपालन में शिक्षा निदेशक(मा0),उ0प्र0लखनऊ के पत्रांक डी0ई0/2359–2459/ 2020–21 दिनांक 10 सितम्बर 2020 द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के व्यापक प्रसार एव क्रियान्वय की रणनीति विकसित करने हेतु विस्तृत निर्देश प्रदान किये गये है, जिसके क्रम में विभिन्न स्तरो पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को समग्र विजन के साथ उसकी भावना एवं प्रयोजन के साथ उसको अत्मसात करने हेतु जनपद स्तर पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/शिक्षक/ अभिभावको एवं अन्य सहयोगियों को वर्चुअल कार्यशाला/बेविनारों के माध्यम से जागरूक एवं सवेदित करने हेतु निम्नवत् समय सारणी निर्धारित की जाती है, बेविनार जूम एप,गूगल मीट अथवा अन्य ऑन लाइन माध्यमो से आयोजित की जा सकती है। वेविनार आयोजन हेतु 15.09.2020 को सभी क्लस्टर प्रभारियो को विस्तृत निर्देश एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा तदानुसार सभी क्लस्टर प्रभारी समय सारणी के अनुसार अपने क्लस्टर के अन्तर्गत आने वाले समस्त विद्यालयो के समस्त प्रधानाचार्य,शिक्षक एवं अभिभावको के मध्य बेविनार प्लेटफार्म/एप के माध्यम से कार्यशाला आयोजित करेगें तथा 21 सितम्बर 2020 को पुनः सभी क्लस्टर प्रभारियो सहनोडल प्रभारियों एवं नोडल प्रभारी का वेवनार अयोजित किया जायेगा जिसमें जनपद के प्राप्त सुझावों को सभी क्लस्टर प्रभारी प्रस्तुत करेगे तथा उनके द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं क्रियान्वयन की रणनीति विकसित करने हेतु कार्यशाला/वेबिनार के माध्यम से किये गये प्रयासो से भी अवगत करायेगे।

| क0 स0 | स्तर | प्रतिभागियो का विवरण | प्रतिभागियो अनुमानित संख्या | दिनांक | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला विद्यालय निरीक्षक | क्लस्टर प्रभारी,सह नोडल प्रभारी नोडल प्रभारी व अन्य | 100 | 14.09.2020 को अपरान्हन 12.00 बजे | शासनादेशानुसार निर्देश/कार्य योजना |
| 2 | क्लस्टर प्रभारी | क्लस्टर के अन्तर्गत आने वाले माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य,शिक्षक व अभिभावक | 8850 | 15.09.2020 से 19.09.2020 अपने स्तर से समय तय करे | क्लस्टर के अन्तर्गत आने वाले समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य/शिक्षक/अभिभवको से परिचर्चा |
| 3 | जिला विद्यालय निरीक्षक | क्लस्टर प्रभारी,सह नोडल प्रभारी नोडल प्रभारी व अन्य | 100 | 21.09.2020 को अपरान्हन 12.00 बजे | समस्त क्लस्टर प्रभारी/सहनोडल/नोडल प्रभारी से समस्त जनपद से प्राप्त सुझावों पर परिचर्चा एवं उनके क्रियान्वयन की रणनीति विकसित करने हेतु सुझाव |

संलग्न– शासनादेश दिनांक 09 सितम्बर 2020

10/9/2020

(सतीश कुमार तिवारी)
जिला विद्यालय निरीक्षक,
कानपुर नगर।

पृ0स0–परीक्षा/ 3044–49 /2020–21 तद्दिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. शिक्षा निदेशक(मा0),उ0प्र0लखनऊ।
2. सचिव,माध्यमिक शिक्षा परिषद,उ0प्र0प्रयागराज।
3. संयुक्त शिक्षा निदेशक,कानपुर मण्डल,कानपुर।
4. श्री अखिलेश चन्द्र बाजपेयी,प्रधानाचार्य रा0इ0का0बिधनू कानपुर नगर (नोडल प्रभारी),
5. समस्त सह नोडल प्रमारी/क्लस्टर प्रभारी,जनपद कानपुर नगर।
6. समस्त प्रधानाचार्य,माध्यमिक विद्यालय,जनपद कानपुर नगर।

जिला विद्यालय निरीक्षक,
कानपुर नगर।